भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-215

उत्तर देने की तारीख-20/07/2026

जी.के.सी.आई.ई.टी., मालदा का सम-विश्वविद्यालय के दर्जे में उन्नयन

†215. **श्री ईशा खान चौधरी**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गनी खान चौधरी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (जी.के.सी.आई.ई.टी.), नारायणपुर, मालदा को डिस्टिंक्ट/डी नोवो श्रेणी के अंतर्गत सम-विश्वविद्यालय का दर्जा देने के प्रस्ताव (आवेदन संख्या यू.एन.आई.-डी-2024-11-031301) को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) द्वारा अनुमोदित किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो संस्थान को सम-विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख): शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2010 में गनी खान चौधरी इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (जीकेसीआईईटी), मालदा, पश्चिम बंगाल की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बहु-स्तरीय अंतःविषय और अंतर-क्षेत्रीय कुशल पेशेवर तकनीकी जनशक्ति बनाना है।

नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप, उच्चतर शिक्षा संस्थानों को बहु-विषयक संस्थानों में विकसित होने की संभावना है। तदनुसार, गनी खान चौधरी इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, मालदा, पश्चिम बंगाल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) सम-विश्वविद्यालय पोर्टल पर यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत "विशिष्ट श्रेणी" के अंतर्गत सम-विश्वविद्यालय की स्थिति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (सम-विश्वविद्यालय संस्थान) विनियम 2023 के अनुसार विशेषज्ञ समिति द्वारा आवेदन की जांच की गई और आशय पत्र जारी करने की सिफारिश की गई। तदनुसार, शिक्षा मंत्रालय ने दिनांक 08.12.2025 को पश्चिम बंगाल के मालदा स्थित गनी खान चौधरी इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (जीकेसीआईईटी) को आशय पत्र जारी किया।

****